राजस्थान सरकार
राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर

क्रमांकः राम/प–2/1/7/रातस/2019/ 3080 दिनांकः– 19.3.2019

:: आदेश ::

मण्डल के आदेश क्रमांक राम/प–2/1/7/रातस/2019/2819 दिनांक 09.03.2019 के द्वारा श्री डायालाल पाटीदार, तहसीलदार सागवाडा जिला डूंगरपुर का स्थानान्तरण/पदस्थापन तहसीलदार भीलवाडा के पद पर किया गया था। जिसके विरूद्ध श्री डायालाल पाटीदार तहसीलदार द्वारा माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर में एस.बी. सिविल रिट पीटीशन संख्य 3849/2019 दायर की गई। माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर द्वारा उक्त याचिका में स्थगन आदेश दिनांक 13.03.19 पारित करते हुए मण्डल के उक्त आदेश दिनांक 9.03.19 के प्रभाव एवं कियान्वन को याची के सम्बंध में आगामी आदेशों तक स्थगित किया गया है।

अतः माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर द्वारा पारित स्थगन आदेश दिनांक 13.03.2019 की पालना में मण्डल के आदेश दिनांक 09.03.2019 के द्वारा श्री डायालाल पाटीदार, तहसीलदार सागवाडा जिला डूंगरपुर का तहसीलदार भीलवाडा के पद पर किया गया स्थानान्तरण/पदस्थापन माननीय न्यायालय के आगामी आदेश तक स्थगित किया जाकर यथावत तहसीलदार सागवाडा जिला डूंगरपुर के पद पर पदस्थापित किया जाता है। साथ ही उक्त के परिणामस्वरूप श्री ईश्वर लाल खटीक तहसीलदार सागवाडा जिला डूंगरपुर को एपीओ किया जाकर मुख्यालय राजस्व मण्डल राजस्थान अजमेर निर्धारित किया जाता है।

आदेशानुसार

निबन्धक
राजस्व मण्डल राज. अजमेर

क्रमांकः सम/ 3081–95 दिनांकः– 19.3.2019

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, माननीय अध्यक्ष महोदय, राजस्व मण्डल राज. अजमेर।
2. संयुक्त शासन सचिव, राजस्व (ग्रुप–1) विभाग ,शासन सचिवालय राज. जयपुर ।
3. अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचन आयोग, राजस्थान जयपुर।
4. जिला कलेक्टर, डूंगरपुर/भीलवाडा/उदयपुर/पाली।
5. प्रभारी अधिकारी (गोपनीय/जांच/रिट/कम्प्यूटर) राजस्व मण्डल राज. अजमेर।
6. सम्बंधित श्री ....।
7. आदेश पंजिका / निजी पत्रावली।

अतिरिक्त निबन्धक (रातस)
राजस्व मण्डल राज. अजमेर